## महत्वपूर्ण एवं खास

### आईटीआई खरसिया में 6 से 9 जनवरी तक प्रशिक्षार्थियों के लिए उन्मुखीकरण सप्ताह का आयोजन

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था खरसिया में 6 से 9 जनवरी 2020 तक प्रशिक्षार्थियों के लिए उन्मुखीकरण सप्ताह मनाया जाएगा। जिसमें संचालनालय, संयुक्त संचालक कार्यालय एवं संस्था के अधिकारियों-कर्मचारियों का परिचय कराया जाएगा। इस मौके पर उद्योगों के प्रबंधकों द्वारा व्याख्यान कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रशिक्षार्थियों के द्वारा 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ बालक एवं बालिका प्रशिक्षार्थियों के माध्यम से होने के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। आगामी 10 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी में दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षार्थियों को शामिल किया जाएगा।

### त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु आज 5805 लोगों ने भरा फार्म

» अब तक प्राप्त हुए कुल 13334 नामांकन

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन हेतु आज विभिन्न पंचायत पदों के लिए कुल 5805 लोगों ने नामांकन भरा। जिसमें जिला पंचायत सदस्य के लिए 32, जनपद पंचायत सदस्य के लिए 204, सरपंच के लिए 842 व पंच के लिए 4727 लोगों ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस प्रकार अब तक जिला पंचायत सदस्य के लिए कुल 66, जनपद पंचायत सदस्य के लिए 379, सरपंच के लिए 1887 व पंच के लिए 11002 लोग अपना नामांकन दाखिल कर चुके है। अब तक कुल नामांकन की संख्या 13334 है।

### अवैध बिक्री के लिये घर में रखी महुआ शराब जप्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सारंगढ़ पुलिस द्वारा दिनांक 03.01.2020 को ग्राम मल्दा ब में रहने वाले रामलाल बेहरा पिता सुखीराम बेहरा उम्र 65वर्ष साकिन मल्दा ब थाना सारंगढ घर पर शराब रखकर अवैध बिक्री करता है कि सूचना पर शराब रेड कार्यवाही किया गया । आरोपी के कब्जे से बिक्री के लिये प्लास्टिक जरिकेन में रखी हुई 14 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है । आरोपी के विरूद्ध थाना सारंगढ़ में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है ।

### डायल 112 इवेंट

**खड़ी ट्रेलर को ट्रेलर ने मारी ठोकर**

दिनांक 04.01.2020 के सुबह 9:15 बजे छाल राइनो को तेरेकेला पुल के पास रोड एक्सीडेंट के इवेंट पर रवाना किया गया । पुल के पास एक ट्रेलर को ड्रायवर की ओर दूसरे ट्रेलर ने ठोंकर मार दिया था । जिससे ट्रेलर चालक तेरस यादव पिता नकुलाल यादव उम्र 45 साल निवासी दहीदा थाना नवागढ़ जिला जांजगीर ट्रेलर के केबिन में फंस गया था । ग्रामीणों ने चालक को केबिन से निकाला, चालक का पैर फैक्चर हो गया था । आहत को 112 स्टॉफ आरक्षक दिलीप सिदार द्वारा ईआरवी वाहन से सीएचसी खरसिया ले जाकर भर्ती कराया गया है ।

**राइनो को प्रसव पीड़ा पर मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट**

पूंजीपथरा राइनो को दिनांक 04.01.2020 के दोपहर 14: 00 बजे ग्राम पाली में महिला को प्रसव पीड़ा होने पर मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट मिला था । पूंजीपथरा राइनो में कार्यरत आरक्षक नरेश रजत, थाना पूंजीपथरा द्वारा ग्राम पाली से युवती शीतल धनवार पति राजेश धनवार उम्र 19 वर्ष को ईआरवी वाहन से केजीएच रायगढ़ लाकर भर्ती कराया गया है । भूपदेवपुर राइनो को मेडिकल इमरजेंसी के इवेंट पर ग्राम सिंघनपुर से पंचो राठिया पति संजय राठिया उम्र 26 साल को प्रसव पीड़ा में मिले इवेंट पर रायगढ़ के जेएमजे मॉर्निंग स्टार मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

**वृद्धजन के लिये मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट**

चक्रधरनगर राइनो को ग्राम भगोरा में रहने वाले 70 वर्षीय वृद्ध दानीराम लोहार पिता भक्तु लोहार को अत्यधिक बुखार तथा आंखों में परेशानी होने से की वजह से घरवालों द्वारा डॉयल 112 को मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट दिया गया था । डॉयल 112 आरक्षक ओमप्रकाश राठिया, थाना चक्रधरनगर द्वारा ईआरवी वाहन से वृद्ध दानीराम लोहार को केजीएच लाकर भर्ती कराया गया है ।

# शाला निरीक्षण में गुणवत्ता का रखे पूरा ध्यान- सीईओ

» शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजितद्व, घुमन्तु परिवार के बच्चों के लिए लैंप योजना होगी शुरू, स्कूलों में आत्मरक्षा के प्रशिक्षण के साथ लैंगिक अपराधों के विषय में होगी कार्यशाला

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शिक्षा गुणवत्ता के लिए नवाचार का प्रयोग करें और किताबी ज्ञान के साथ बच्चों को व्यवहारिक शिक्षा भी दें तथा पलायन करने तथा बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन में निवास करने वाले व घुमन्तु परिवार के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़े रखने के लिए शासन द्वारा लर्निंग एंड माइग्रेशन प्रोग्राम का सशक्त क्रियान्वयन करने की जरूरत है उक्त बातें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्टोरेट परिसर के सृजन सभाकक्ष में आयोजित शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक में कही। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। सर्वप्रथम संकुल समन्वयकों के कार्य की समीक्षा की गयी जिसके अंतर्गत समन्वयकों के निरीक्षण डायरी का अवलोकन किया गया।



अच्छे तरीके से निरीक्षण का टीप संधारित करने वाले बहिरकेला घरघोड़ा समन्वयक की प्रशंसा भी की गई। चौधरी ने शिक्षा विभाग को निर्देशित कर कहा कि जिले में शाला निरीक्षण के लिए एक व्यवस्थित प्रारूप होना चाहिए, जिसमे सारे चेकलिस्ट उल्लेखित हो। उन्होंने उपस्थित शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि विद्यालय का निरीक्षण सिर्फ प्रशासकीय कार्य के रूप में नहीं बल्कि पूरी गुणवत्ता के साथ होना चाहिए, जिससे बच्चों के शैक्षणिक स्तर में तेजी से सुधार लाया जा सके। बच्चों के साथ-साथ अध्यापक भी कक्षा में मेहनत करें और कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दें। स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के विषय में उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने स्कूल के बच्चों के स्वास्थ्य जाँच रिपोर्ट से पूर्णतः अवगत रहे। स्कूल परिसर की सफाई और बच्चों की पर्सनल हाईजिन पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के मामले में मात्रात्मक सुधार के साथ साथ गुणात्मक सुधार पर भी ध्यान देना एक विभाग के रूप में हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने इस वर्ष कक्षा 1 से 8 तक की वार्षिक परीक्षा के लिए आयोजित मिड लाइन टेस्ट के लिए पाठ्यक्रम पूर्ण कर तैयारी पूरे करने के निर्देश भी दिए।

**क्या है मिड लाइन टेस्ट**

कक्षा 1 से 8 तक राज्यस्तरीय मूल्यांकन परीक्षा के विषय में बताया कि यह राज्य शैक्षिक अनुसन्धान व प्रशिक्षण परिषद् द्वारा संचालित त्रि वर्षीय मूल्यांकन कार्यक्रम है जिसमे तीन चरण हैं। जिसके अंतर्गत कक्षा 1 से 8 की सत्र 2018-19, 2019-20 और 2020-21 के वार्षिक परीक्षाओं को तीन टेस्ट में बांटा गया है। 2018-19 में बेस लाइन टेस्ट लिया गया, इस सत्र मिड लाइन टेस्ट व आगामी सत्र 2020-21 में एन्ड लाइन टेस्ट होगा। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य सम्पूर्ण राज्य में कक्षा 1 से 8 तक के लिए समान समय सारणी और प्रश्न पत्र जारी करना है।

**लर्निंग एंड माइग्रेशन प्रोग्राम (लैंप)**

उन्होंने बताया कि लर्निंग एण्ड माईग्रेशन प्रोग्राम (लैंप) के तहत पलायन करने वाले तथा घुमन्तू परिवार के बच्चों के लिए सीजनल छात्रावास का प्रावधान किया जा रहा है। जिसमें बच्चे इन छात्रावासों में निवास कर अपनी पढाई सुचारु रूप से जारी रख सकेंगे। सर्व शिक्षा अभियान के तहत अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन इस कार्यक्रम को राज्य में संचालित करने में समर्थ चेरिटेबल ट्रस्ट शासन का सहयोग करेगी। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ऋचा प्रकाश चौधरी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्रों से जानकारी एकत्रित कर सर्वे टीम को दें। जिससे अधिक संख्या में बच्चों को इस योजना का लाभ दिया जा सकेगा।

**लैंगिक अपराध के सम्बन्ध में होगी कार्यशाला, बच्चियों को बेसिक सेल्फ डिफेन्स की मिलेगी ट्रेनिंग**

चौधरी ने बताया की बढ़ते लैंगिक अपराधों के देखते हुए इस विषय पर स्कूलों में कार्यशाला आयोजित की जाएगी। जिसमे बालक व बालिकाओं को इन अपराधों तथा दुष्परिणामों के बारे में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी। जिससे लैंगिक अपराधों के प्रति विद्यालयीन स्तर पर ही बच्चों में संवेदनशील सोच विकसित की जा सके और घटनाओं पर रोकथाम भी सुनिश्चित हो।

## चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, जुटमिल पुलिस की कार्यवाही



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस चौकी जुटमिल प्रभारी निरीक्षक अंजना केरकेट्टा दिनांक 04.01.2020 को मुखबीर द्वारा सूचना दिया गया कि छातामुड़ा बीच बस्ती में रहने वाला कार्तिक राम निषाद अपने घर में चोरी की बाइक छिपा कर रखा है । सूचना पर जुटमिल प्रभारी द्वारा थाने के ए.एस.आई. खेमराज पटेल के हमराह पेट्रोलिंग पार्टी के आरक्षक बनारसी सिदार, जीतराम लहरे, शैलेंद्र पैंकरा और बसंत सिदार को तस्दीकी के लिए भेजी । पुलिस स्टाफ संदेही कार्तिक राम निषाद के घर जाकर उससे पूछताछ किए तो कार्तिक राम निषाद बताया कि करीब ढाई महीने पहले सराईभदर में एक घर के सामने दिन के समय सुना पाकर होंडा साईन काले रंग का मोटरसाइकिल सीजी 13 ॥ - 0464 चुराकर घर में छुपा कर रखा हूं । आरोपी की निशानदेही पर चोरी की बाइक बरामद किया गया । उक्त बाइक चोरी की रिपोर्ट आज दिनांक 04.01.2020 को बाईपास रायगढ़ में रहने वाले मोहन प्रसाद सोनी पिता रामसागर प्रसाद सोनी उम्र 55 साल द्वारा आज आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है । आवेदक/प्रार्थी के बताये अनुसार दिनांक 19.10. 2019 को घर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी हुई थी, जिसे अपने स्तर पर पतासाजी कर रहा था । चोरी के रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 15/ 20 धारा 379 भादवि दर्ज कर आरोपी कार्तिक निषाद पिता अमृतलाल निषाद उम्र 24 साल निवासी छातामुड़ा बीच बस्ती चौकी जुटमिल थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है ।

### शीतलहर से बचाव के लिए शहर में जलाये जा रहे है अलाव



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगर निगम आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि शीतलहर के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम रायगढ़ द्वारा निगम के विभिन्न क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जा रही है। जिनमें विभिन्न स्थानों जैसे रायगढ़ के रेल्वे स्टेशन, केवड़ाबाड़ी, ट्रांसपोर्टनगर, सत्तीगुड़ी चौक, ढिमरापुर, जूटमिल, कबीर चौक इलाकों में जलाऊ लकड़ी की व्यवस्था कर लोगों को ठंड से राहत देने के लिए अलाव जलाये जा रहे है, जिससे आमजन को काफी सुविधा हुई है।

## किसानो को धान खरीदी के लिए कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने लोईंग सेवा सहकारी समिति में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए धान खरीदी के लिए उप पंजीयक सहकारी संस्था शिल्पा अग्रवाल को आवश्यक निर्देश दिए।



उल्लेखनीय है कि विगत शुक्रवार को बारिश के कारण किसानों से धान की खरीदी नहीं की गई थी। उक्त दिनांक को जारी टोकन को संशोधन करते हुए आगामी धान खरीदी दिवस के लिए टोकन जारी किए जायेंगे। किसानों की सूची तैयार कर ली गई है। सभी संबंधित किसान लोईंग सेवा सहकारी समिति में उपस्थित होकर टोकन जारी करवा सकते है एवं आगामी दिवस में सभी किसानों से बारी-बारी धान खरीदी की जाएगी।

## जिला पंचायत सीईओ ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । उन्होंने अधिकारियों को स्व-सहायता समूह को प्रोत्साहित करते हुए स्वरोजगार से जोडने़ के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को गोबर के गमले, वर्मी खाद और गोबर के खाद बनाने के लिए अधिक से अधिक प्रोत्साहित करें। ताकि स्व-सहायता समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम



बन सकें। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में ग्रामीणजन स्वेच्छा से पशुओं के लिए पैरा दान कर रहें है तो एकत्र करके पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में चारे की व्यवस्था कराना भी सुनिश्चित करें।

जिला पंचायत सीईओ चौधरी ने उन्होंने कृषि अधिकारी और मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी के धीमी कार्य के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कर्तव्य के प्रति लापरवाही दिखाने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी है। इस अवसर पर कृषि, पशुपालन, उद्यान, क्रेडा अधिकारी मनरेगा, पीओ, एनआरएलएम के बीपीएम, नोडल अधिकारी और मनरेगा एपीओ उपस्थिति थे।

## बरमकेला पुलिस व मंडी अधिकारियों की अवैध धान संग्रहण पर संयुक्त कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना बरमकेला अन्तर्गत दिनाँक 04/01/2020 को ग्राम गोबरसिंघा में रहने वाले परसराम अग्रवाल पिता शिवनारायण अग्रवाल अपने घर में अवैध रूप से धान भंडारण कर रखे होने की सूचना पर बरमकेला थाने के सहायक उपनिरीक्षक भागवत यादव के हमराह आरक्षकगण एवं कृषि उपज मंडी बरमकेला के सी. जी. गोस्वामी (प्रभारी सचिव) एवं जे. पी. नंदे (उप निरीक्षक) के संयुक्त टीम के द्वारा रेड किया गया । टीम द्वारा परसराम अग्रवाल के घर से 38 कट्टा 15.20 क्विंटल अवैध धान जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है ।





### देलारी जंगल में मिला अज्ञात पुरुष का शव

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** टीपाखोल का चौकीदार लाभोराम चौहान पिता प्यारेलाल चौहान थाना पूंजीपथरा अन्तर्गत दिनांक 04.01.2020 को सराईखोल देलारी जंगल में अज्ञात व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना दिया गया । अज्ञात मृतक की ऊंचाई लगभग 5 1/2 फिट , दाहिने हाथ में जय मां दुर्गा का गोदना लिखा हुआ, जीन्स नीला मटमैला कलर, स्वेटर नीला सफेद शरीर पर है, अज्ञात पुरूष की उम्र करीब 28 से 35 वर्ष की है 7 थाना पूंजीपथरा में मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया है सभी थाना/चौकी के गुम इंसान से अज्ञात मृतक की पहचान कर सूचित करने निर्देशित किया गया है ।

## काट पत्ती जुआ खेलते 5 पकड़ाये



**न्याय साक्षी/रायगढ़। कोतवाली टाऊन पेट्रोलिंग द्वारा दिनांक 03/01/2020 को रायगढ सब्जी मार्केट के पास शाम करीब 16.00 बजे जुआ खेल रहे थे।**

1- नरेन्द्र कुमार साहू, 2 राजू दिवाकर, 3. निक चौहान, मंगू सिदार एवं 5. मनोज सिंह ठाकुर को तास पत्ती से काट पत्ती नामक जुआ खेलते हुए पकड़े । जुआ खेल रहे जुआडियों के फड एवं पास से नगदी रकम 1155 रू., 52 पत्ती तास की गड्डी एवं एक बोरा जप्त किया गया है । जुआडियों पर 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही कोतवाली थाने में की गई है ।

# बच्चों का पोषण शासन की प्राथमिकता-जिला पंचायत सीईओ ऋचा चौधरी

» पोषण अभियान' अंतर्गत जिला स्तरीण अभिसरण समिति की बैठक आयोजित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला पंचायत सीईओ ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पोषण अभियान' अंतर्गत जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक ली। उन्होंने कहा कि बच्चों का पोषण शासन की प्राथमिकता है और मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत स्वस्थ रायगढ़' अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसमें



शून्य से 5 वर्ष के कुपोषित बच्चों एवं 15 से 49 वर्ष की एनीमिक महिलाएं जिनका हिमोग्लोबिन 7 से 9 ग्राम है उनका आंगनबाड़ी केन्द्र में गरम भोजन दिया जा रहा है। सप्ताह में एक दिन बुधवार को अण्डा दिया जा रहा है जिससे एनीमिया एवं कुपोषण दर में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के प्रथम हजार दिन जो उनके भविष्य का आधार है, इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि अति गंभीर कुपोषित बच्चों एवं कम वजन के बच्चों को एनआरसी रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया, लैलूंगा, धरमजयगढ़ में भर्ती कराएं और उनके सुपोषण पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करें। एनआरसी (पोषण पुनर्वास केन्द्र)में 900 लक्ष्य के विरूद्ध 868 बच्चों को भर्ती कर स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से लाभान्वित किया गया है।

जिला पंचायत सीईओ ऋचा प्रकाश चौधरी ने विटामिन ए, बच्चों में आईएफए सप्लीमेंट खुराक कृमिनाशक 01 से 19 वर्ष के बच्चों को, गर्भवती महिलाओं में आयरन एवं फोलिक एसिड की खुराक, ओआरएस घोल एवं जिंक सप्लीमेंटेशन किट तैयार करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए गए। उन्होंने कहा कि बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण करायें। आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के वजन के हिसाब से ग्रोथ चार्ट की जानकारी संधारित करें। जिला पंचायत सीईओ चौधरी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी अपने आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान बच्चे अपने हाथों की धुलाई करते है या नहीं, आंगनबाड़ी में स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता, राशन का सामान रखने का स्टोर रूम, बिजली, शौचालय सहित सभी बातों का निरीक्षण करें। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी टी.के.जाटवर एवं अन्य सदस्य मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी, जिला शिक्षा अधिकारी मनीन्द्र श्रीवास्तव, उप संचालक समाज कल्याण रमेश साहू, उप संचालक जनसंपर्क डॉ.उषा किरण बड़ाईक, सचिव जिला विधिक सहायता प्राधिकरण, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनआरएचएम रायगढ़, डॉ.मनीष बेरीवाल मेट्रो हॉस्पिटल रायगढ़ एवं जनमित्रम कल्याण समिति रायगढ़ के एनजीओ प्रतिनिधि मनीष सिंह, ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एण्ड चाईल्ड के डिस्ट्रिक कन्सलटेंट राजेश कुमार शर्मा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी अधिकारी एवं सुपरवाईजर उपस्थित थे। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के सुपरवाईजर श्रीमती दीपा सिंह बघेल ने मुख्यमंत्री पोषण अभियान के लिए बनाये गये कार्ययोजना की जानकारी विस्तृत में दी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480